# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**25.08.2024** **1945बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान में युवाओं से सकारात्मक रूप से शामिल होने का किया आग्रह।
- मंत्रिमण्डल ने राज्य में 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' लागू करने को दी मंजूरी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा के लिए केन्द्र सरकार का जताया आभार।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दी जन्माष्टमी पर्व की बधाई।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान में युवाओं से सकारात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं का इस अभियान से जुड़ने का कदम स्वयं और देश के भविष्य को बदलने वाला साबित होगा। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...............

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस वर्ष लाल किले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था से जुड़ने का आह्‌वान किया था, और इसका युवाओं पर प्रभाव पड़ा है। इसके परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर उन्हें देशभर के युवाओं से काफी सारे पत्र मिले हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से* ***कैच द रेन*** *मूवमेंट और* ***एक पेड़ मां के नाम*** *अभियान से भी जुड़ने का आह्‌वान किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे*

*लगाने की भी अपील की। जीवन में फिटनेस को अहम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और रहन–सहन पर ध्यान देते रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है और इसे लेकर हर वर्ष पहली सितंबर से 30 सितम्बर तक पोषण माह मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार, समाज और देश का भविष्य हमारे बच्चों की सेहत पर निर्भर है और इसके लिए उन्हें सही पोषण मिलना ज़रूरी है।*

## मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य में ''मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना'' लागू करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित व तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को अपने बच्चों का पालन–पोषण और शिक्षा प्रदान करने में सहयोग देना है। ये निर्णय आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में लिया गया। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह एक हज़ार रूपए का अनुदान दिया जाएगा। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के दौरान नर्सरी, एल.के.जी. और यू. के.जी. में दाखिल हुए बच्चों के लिए आयु में 6 माह की छूट को भी स्वीकृति दी गई। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी। मंत्रिमण्डल ने इंस्पैक्टर, जेल अधिकारियों और प्रदेश सचिवालय के सुरक्षा गार्डों के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में रियायती यात्रा के मासिक शुल्क को एक सौ 10 रूपए से बढ़ाकर 5 सौ रूपए प्रतिमाह करने को भी मंजूरी दी।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण व हरित आवरण बढ़ाने के लिए पौधरोपण को समय की मांग बताया है। शिमला ज़िले के नारकण्डा में आज

पौधरोपण अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल की पहचान यहां के वनों से है और इनका संरक्षण किया जाना ज़रूरी है। राज्यपाल ने कहा कि मौसम में हो रहे बदलाव का एक प्रमुख कारण वनों का कटान भी है और इस कमी को पौधे लगाकर पूरा किया जा सकता है। उन्होंने धार्मिक स्थल हाटू को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और इस क्षेत्र में और अधिक सुविधाएं विकसित करने पर भी बल दिया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केन्द्र सरकार द्वारा घोषित एकीकृत पैंशन योजना को कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी करार दिया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने गंभीरता से देशभर में एकीकृत पैंशन योजना लाने की दिशा में काम किया है और इससे सभी कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। वहीं दूसरी ओर जयराम ठाकुर ने प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू सहित मंत्रियों और कर्मचारियों के बीच चल रहे वातावरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सत्ता में थी तो सभी मामलों को गंभीरता से सुना गया लेकिन अब कर्मचारियों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। एक सितम्बर से शुरू होने जा रहे भाजपा के सदस्यता अभियान पर उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश में प्रत्येक बूथ पर 2 सौ सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

**खेल मंत्री**

केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने नागरिकों से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कम से कम एक घंटे के लिए किसी भी आउटडोर खेल में भाग लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि आउटडोर खेलों में लोगों की भागीदारी फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का **'खेलेगा इंडिया–तभी तो खिलेगा इंडिया'** का दृष्टिकोण देश को खेलों के प्रति मार्गदर्शन देगा।

## जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कल मनाया जाएगा। इसे लेकर प्रदेशभर में मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जन्माष्टमी पर्व के चलते लोगों में काफी उत्साह है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि ये पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाएगा और ऊर्जा का संचार करेगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी से भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सीपीएस

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन ज़िले में अर्की क्षेत्र के सूरजपुर में एक स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में लोगों को घरद्वार के समीप विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

## रेडक्रॉस मेला

रिकांग पिओ में 2 दिवसीय ज़िलास्तरीय रेडक्रॉस मेला आज संपन्न हो गया। समापन अवसर पर उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने स्थानीय लोगों से रेडक्रॉस संस्था के कार्यों को बढ़ावा देने में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये संस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय कार्य करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा कर रही है। उपायुक्त ने मेले के दौरान हुई खेल गतिविधियों के विजेताओं को भी पुरस्कार वितरित किए।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हो रही है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हुई व्यापक वर्षा से तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 27 व 28 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान में युवाओं से सकारात्मक रूप से शामिल होने का किया आग्रह।
- मंत्रिमण्डल ने राज्य में 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' लागू करने को दी मंजूरी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा के लिए केन्द्र सरकार का जताया आभार।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दी जन्माष्टमी पर्व की बधाई।